एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: "ऑफिस कॉम्प्लेक्स" ब्लॉक- 1, 5वां तल, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली – 110 023

CIN: U74999DL2002PLC118123 वेबसाइट *www.aicofindia.com*

संदर्भ सं. एआईसी/नि./प्र.प्र. एवं हिन्दी अधिकारी -2021-22/ दिनांक 23.11.2021

भर्ती

(क) 30 प्रबंधन प्रशिक्षु एवं

(ख) 1 सीधी भर्ती हिंदी अधिकारी (स्केल I)

एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी) फसल बीमा में अग्रणी कंपनी, भारतीय नागरिकों से निम्न भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करती है

(क) 30 (तीस) प्रबंधन प्रशिक्षु (1) कृषि विज्ञान, (2) सूचना प्रौद्योगिकी, (3) विधि एवं (4) लेखा के विषयों में
(ख) 1(एक) सीधी भर्ती हिंदी अधिकारी (स्केल I)

कृपया महत्वपूर्ण तारीखें नोट करें :

ऑनलाइन पंजीकरण एवं शुल्क का भुगतान	23 नवंबर 2021 से 13 दिसंबर 2021 तक (दोनों तारीखें शामिल है, 23 नवंबर 2021 को 08:00 बजे से 13 दिसंबर 2021 को 20:00 बजे तक)
ऑनलाइन परीक्षा के आयोजन का माह	जनवरी 2022 (अनंतिम)
परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोडिंग शुरू	परीक्षा की तारीख से लगभग 10 दिन पहले
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन पूर्व-भर्ती प्रशिक्षण	परीक्षा की तारीख से लगभग 10 दिन पहले

रिक्तियां (अनंतिम) एवं आरक्षण (बैकलॉग सहित*):

पद	पदों की कुल संख्या	अ. जा.	अ. ज. जा.	अ.पि. व.	ईडबल्यूएस	अनारक्षित	पीडबल्यूबीडी (वीआई/एचआई/एलडी/ एसएलडी/एमडी)
प्रबंधन प्रशिक्षु	**30**	**5***	**2**	**8***	**2**	**14**	**2* श्रवण एचएच+1* वीआई**
हिंदी अधिकारी	**1**						

पीडबल्यूबीडी – क्षैतिज समानान्तर रूप से आरक्षित पद

Classification: **Public**

संक्षेप : अ.जा.: अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.:** अनुसूचित जन जाति, **अ.पि.व.:** अन्य पिछड़ा वर्ग, **ईडबल्यूएस:** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **यूआर:** अनारक्षित, **पीडबल्यूबीडी:** बेंचमार्क दिव्यांगजन (वीआई: क्षीण दृष्टि, एचआई: बधिर एवं कम सुनने वाले, एलडी: लोकोमोटर दिव्यांगता, एमडी: बहु दिव्यांगता, एसएलडी: विशिष्ट अधिगम अक्षमता)

ध्यान दें

(i) रिक्तियों की कुल संख्या और आरक्षित रिक्तियां अनंतिम हैं और कंपनी की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप भिन्न हो सकती हैं। विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आरक्षण लागू सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

(ii) प्रबंधन प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को केवल किसी एक विषय के लिए आवेदन करना होगा। किसी भी उम्मीदवार द्वारा प्रबंधक प्रशिक्षु एवं हिंदी अधिकारी के लिए एक से अधिक आवेदन जमा नहीं किया जाना चाहिए। एक से अधिक आवेदनों के मामले में केवल नवीनतम वैध (पूर्ण) आवेदन को ही रखा जाएगा और अन्य पंजीकरणों के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

(iii) अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से संबंधित परंतु नवोन्त के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण और आयु छूट के पात्र नहीं होंगे। वे अपनी श्रेणी सामान्य दर्शाए।

(iv) परिमाणों को अंतिम रूप देते समय विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आरक्षण लागू सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित होगा।

(v) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भर्ती में आरक्षण, भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन सं. 36039/1/2019-स्था.(आरईएस) दिनांक 31.01.2019 के द्वारा शाषित होंगी |

अस्वीकरण : ईडबल्यूएस की रिक्तियाँ अनंतिम है तथा भारत सरकार के आदेश एवं अभियोग के परिणाम पर आधारित है, यह नियुक्ति अस्थायी है तथा आय व संपत्ति के प्रमाणपत्र के यथोचित माध्यम से सत्यापित होने के अधीन है |

नियम एवं शर्तें :

1. **प्रशिक्षण एवं परिवीक्षा (प्रोबेशन) :**

प्रबंधन प्रशिक्षु : **प्रबंधन प्रशिक्षुओं के** लिए प्रशिक्षण अवधि **2 (दो) वर्ष** की होगी। प्रशिक्षु को प्रशिक्षण अवधि पूरी होने पर और संतोषजनक कार्य प्रदर्शन, साक्षात्कार / पारस्परिक संवाद और/ या कंपनी द्वारा तय किए जाने वाले किसी अन्य मानदंड के आधार पर प्रशासनिक अधिकारी (स्केल I) के पद हेतु पात्र होंगे। प्रशिक्षण अवधि के दौरान कार्य प्रदर्शन असंतोषजनक पाए जाने पर उम्मीदवार को तत्काल निष्कासित किया जा सकता है।

प्रशिक्षण अवधि पूरी होने के बाद प्रबंधन प्रशिक्षु को स्केल I अधिकारी के रूप में एबसोरप्शन किया जाएगा, उन्हें स्केल I में सीधी भर्ती अधिकारी के समान माना जाएगा और एबसोरप्शन की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा | परिवीक्षा अवधि छह माह के लिए आगे बढ़ाई जा सकती है।

(क) **हिंदी अधिकारी (स्केल-I)** - हिंदी अधिकारी (स्केल-I) के रूप में नियुक्त उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा | परिवीक्षा अवधि छह माह के लिए आगे बढ़ाई जा सकती है। परिवीक्षा अवधि के दौरान, उम्मीदवार के लिए सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण अनिवार्य होगा, जैसा कि उनके लिए व्यवस्थित किया जा सकता है। इसलिए परिवीक्षा की अवधि को ड्यूटी प्रशिक्षण के रूप में माना जाएगा।

कंपनी परिवीक्षा अवधि या विस्तारित परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय अनुचित पाए जाने पर बिना किसी सूचना या कोई कारण बताए उम्मीदवार की सेवाओं को समाप्त करने का अधिकार रखती है।

2. सेवा शर्तें :

सेवा शर्तें समय-समय पर कंपनी के मौजूदा नियमों के अनुसार लागू होंगी। कंपनी आवश्यकता के अनुसार, चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति भारत में किसी भी स्थान पर निर्धारित कर सकती है। कृपया ध्यान दें कि जिलों में फील्ड वर्क कार्यालयी कार्य का एक अभिन्न हिस्सा है, कंपनी द्वारा आवश्यकता पड़ने पर चयनित उम्मीदवार को या तो प्रशिक्षण / परिवीक्षा के दौरान या उसके बाद सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा जाएगा |

3. गारंटी बांड

(क) **प्रबंधन प्रशिक्षु** : स्केल I में एबसोरप्शन के लिए चयनित प्रबंधन प्रशिक्षुओं को, परिवीक्षाधीन के रूप में शामिल होने से पहले परिवीक्षा अवधि सहित **न्यूनतम चार (4) वर्ष की अवधि के लिए** कंपनी की सेवा करने के **लिए एक** अंडरटेकिंग-सह-गारंटी बांड देना होगा। कंपनी से उनके इस्तीफा देने या कंपनी की ओर से बॉन्ड अवधि की समाप्ति से पहले कर्मचारी की सेवाएं समाप्त करने के लिए बाध्य की स्थिति में, वे दो वर्षो के प्रशिक्षण के दौरान भुगतान किए गए सकल वेतन के बराबर परिसमापन हर्जाना का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे जो राशि प्रदान की गई सेवा की अवधि के आधार पर आनुपातिक रूप से होगी। इस आशय के लिए, उसे कंपनी द्वारा निर्धारित प्रारूप में आर्थिक रूप से सम्पन्न दो जमानतदारों (रक्त संबंधियों के अलावा) द्वारा विधिवत निष्पादित स्टांप बांड जमा करना होगा।

(ख) हिंदी अधिकारी (स्केल I) : परिवीक्षाधीन के रूप में शामिल होने से पहले, चयनित उम्मीदवार को परिवीक्षा सह प्रशिक्षण अवधि सहित **कम से कम चार (4) वर्ष की अवधि के लिए** कंपनी की सेवा करने के **लिए एक** अंडरटेकिंग-सह-गारंटी बांड देना होगा। कंपनी से उनके इस्तीफा देने या कंपनी की ओर से बॉन्ड अवधि की समाप्ति से पहले कर्मचारी की सेवाएं समाप्त करने के लिए बाध्य की स्थिति में, वे दो वर्षो के प्रशिक्षण के दौरान भुगतान किए गए सकल वेतन के बराबर परिसमापन हर्जाना का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे जो राशि प्रदान की गई सेवा की अवधि के आधार पर आनुपातिक रूप से होगी। इस आशय के लिए, उसे कंपनी द्वारा निर्धारित प्रारूप में आर्थिक रूप से सम्पन्न दो जमानतदारों (रक्त संबंधियों के अलावा) द्वारा विधिवत निष्पादित स्टांप बांड जमा करना होगा।

यदि उम्मीदवार प्रारंभिक एक वर्ष की परिवीक्षा सह प्रशिक्षण अवधि के दौरान कंपनी से इस्तीफा दे देता है या उम्मीदवार, जिसकी सेवाएं कंपनी द्वारा प्रारंभिक एक वर्ष की परिवीक्षा सह प्रशिक्षण अवधि के दौरान समाप्त कर दी जाती है, परिवीक्षा पर प्रशिक्षण की आंशिक लागत के लिए 50,000/- रुपये की राशि के अतिरिक्त कंपनी में पूरी सेवा के दौरान उसे प्राप्त वेतन का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि चयनित उम्मीदवार परिवीक्षा अवधि के दौरान इस्तीफा दे रहा है या कंपनी की ओर से सेवाओं को समाप्त करने के लिए बाध्य कर रहा है, उम्मीदवार को केवल प्राप्त कुल वेतन तथा प्रशिक्षण की आंशिक लागत के लिए 50,000/- रुपए का भुगतान करना होगा।

आवेदक के वर्तमान नियोक्ता के साथ निष्पादित कोई ग्रहणाधिकार/बंधपत्र कंपनी पर बाध्यकारी नहीं होगा।

4. परिलब्धियां एवं लाभ

(क) **प्रबंधन प्रशिक्षु** : चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष के लिए प्रतिमाह 40,000 रुपये की समेकित वेतन और **दूसरे वर्ष के लिए** 42,500/- प्रति माह दिया जाएगा।

(ख) **हिंदी अधिकारी** - स्केल I में 32795-1610(14)-55335-1745(4)-62315 के वेतनमान में 32,795/- रु. मूल वेतन और अन्य स्वीकार्य लागू भत्ता दिया जाएगा। मेट्रोपॉलिटन केंद्रों में कुल परिलब्धियां लगभग **65,000/- रु.** प्रति माह | अन्य लाभ जैसे पीएफआरडीए द्वारा शासित नई पेंशन सिस्टम के अंतर्गत पेंशन, ग्रेच्युटी, एलटीएस, चिकित्सा लाभ, समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा आदि कंपनी के लागू नियमों के अनुसार होंगे। अधिकारी मानदंडों के अनुसार कंपनी के पट्टे आवास के लिए भी हकदार होगा।

5. शैक्षिक योग्यता (01.11.2021 तक)

उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष योग्यता से नीचे दी गई तालिका में सूचीबद्ध न्यूनतम योग्यता होनी चाहिए। उम्मीदवारों के पास 01.11.2021 को अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र होना चाहिए और उन्हें निम्नलिखित सुनिश्चित करना होगा :

1. शैक्षिक योग्यता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड / सरकारी नियामक निकायों द्वारा अनुमोदित होनी चाहिए और जिसका परिणाम 01.11.2021 को या उससे पहले घोषित होना चाहिए।
2. उम्मीदवार के पास 01.11.2021 को आवश्यक योग्यता की मान्य मार्कशीट/डिग्री प्रमाणपत्र होनी चाहिए।
3. अंकों का प्रतिशत उम्मीदवार द्वारा सभी सेमेस्टर/वर्षों में सभी विषयों में प्राप्त कुल अंकों में से सभी विषयों के सकल अधिकतम अंकों में से निकाला जाएगा जोकि ऑनर्स/वैकल्पिक/अतिरिक्त वैकल्पिक विषय को ध्यान में रखे बिना होगा | यह केवल उन विश्वविद्यालय के लिए लागू होगा जिनमें श्रेणी/ग्रेड का निर्णय ऑनर्स के अंकों के आधार पर किया जाता है अर्थात् 59.99% को 60% से कम माना जाएगा और इस प्रकार प्राप्त होने वाले भिन्न प्रतिशत अर्थात् 54.99% को 55% से कम माना जाएगा।
4. जहां सीजीपीए/ओजीपीए प्रदान किया जाता है, वहां उम्मीदवार को अन्य बातों के साथ-साथ ग्रेड को प्रतिशत में बदलने के संबंध में विश्वविद्यालय के मानदंडों और मानदंडों की शर्तों के अनुसार उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के प्रतिशत को बताते हुए उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

न्यूनतम शैक्षिक योग्यता (01.11.2021 के आधार पर):

क) प्रबंधन प्रशिक्षु: उम्मीदवार से केवल निम्नलिखित ग्रुप में से किसी एक के लिए आवेदन करना अपेक्षित है :

विषय	ग्रुप **एवं कोड संख्या**	**किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक / स्नातकोत्तर**
कृषि विज्ञान	ग्रुप ए कोड नंबर 01	60% अंकों के साथ बीएससी (कृषि)/बीएससी बागवानी/बीई/बी.टेक कृषि इंजीनियरिंग में, (अ.जा./ अ.ज.जा. के लिए 55% अंक)। **या** एमएससी (कृषि) 60% अंकों के साथ (अ.जा. / अ.ज.जा. 55% अंक)
सूचना प्रौद्योगिकी	ग्रुप बी कोड संख्या 02	60% अंकों के साथ बीई/बी.टेक (कंप्यूटर साइंस / आईटी), (अ.जा. / अ.ज.जा. 55%अंक) **या** एमसीए (कंप्यूटर अनुप्रयोगों में परास्नातक) 60% अंकों के साथ, (अ.जा. / अ.ज.जा. 55%अंक)
विधि	ग्रुप सी कोड संख्या 03	60% अंकों के साथ विधि में स्नातक, (अ.जा. / अ.ज.जा. 55%अंक) **या** 60% अंकों के साथ विधि में स्नातकोत्तर (अ.जा. / अ.ज.जा. के लिए 55% अंक)

लेखा	ग्रुप डी कोड संख्या 04	60% अंकों के साथ बी.कॉम (अ.जा. / अ.ज.जा. 55%अंक) **या** 60% अंकों के साथ एम.कॉम (अ.जा. / अ.ज.जा. 55% अंक) **या** चार्टर्ड एकाउंटेंट (आईसीएआई) **या** कंपनी सचिव (आईसीएसआई) **या** कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) **या** 60% अंकों के साथ एमबीए (वित्त)* (2 वर्ष पूर्णकालिक पाठ्यक्रम) (अ.जा. / अ.ज.जा. उम्मीदवारों के लिए 55% अंक)

नोट: किसी भी विषय के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को कंप्यूटर में दक्षता होनी चाहिए।

(ख) हिंदी अधिकारी- स्केल I

ग्रुप एवं **कोड - संख्या**	**किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक / स्नातकोत्तर**
ग्रुप ई कोड संख्या 05 **हिंदी अधिकारी**	60% अंको के साथ हिंदी / हिंदी अनुवाद में स्नातकोत्तर मास्टर डिग्री सहित स्नातक डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में (अ.जा./अ.ज.जा. 55% अंक) **या** 60% अंकों के साथ अंग्रेजी में स्नातकोत्तर मास्टर डिग्री सहित स्नातक स्तर पर हिंदी एक विषय के रूप में (अ.जा. / अ.ज.जा. 55% अंक) **या** 60% अंकों के साथ संस्कृत में स्नातकोत्तर मास्टर डिग्री सहित स्नातक स्तर पर अंग्रेजी और हिंदी एक विषय के रूप मे (अ.जा. / अ.ज.जा. 55% अंक)

ध्यान दें: अन्य समानता होने पर, हिन्दी अधिकारी के मामले में अर्हता-उपरांत अनुभव वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

इस संबंध में कंपनी का निर्णय अंतिम होगा।

6. आयु (01.11.2021 तक)

न्यूनतम आयु : 21 वर्ष
अधिकतम आयु : 30 वर्ष
अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 1 नवम्बर 1991 के पहले और 31 अक्टूबर 2000 के पश्चात् (दोनों तारीख समाहित) नहीं होना चाहिए|

विभिन्न श्रेणियों के लिए आयु में छूट निम्नानुसार होगी:

क्र. सं.	**श्रेणी**	छूट
1	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	5 वर्ष
2	अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)	3 वर्ष
3	"बेंचमार्क दिव्यांगजन "दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार"	10 वर्ष
4	भूतपूर्व सैनिक, कमीशन अधिकारी सहित आपातकालीन कमीशन अधिकारी (ईसीओ) / शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी (एसएससीओ) जिन्होंने सैनिक सेवा में कम से कम पाँच वर्ष की सेवा प्रदान की है, (क) नियत कार्य के पूर्ण होने पर	5 साल

	उन्हें कार्यमुक्त किया गया हो (उन लोगों सहित जिनका असाइनमेंट आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से एक वर्ष के भीतर पूरा किया जाना है) अन्यथा कदाचार या बर्खास्तगी के कारण या अक्षमता के कारण सेवामुक्त ; या (ख) सैन्य सेवा के दौरान शारीरिक अक्षमता पाया गया हो; या (ग) असमर्थता । वे ईसीओ / एसएससीओ जिन्होंने सैन्य सेवा के पांच साल की प्रारंभिक अवधि पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल पांच साल से और आगे बढ़ा दिया गया हो और जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय प्रमाण पत्र जारी किया हो कि वे असैनिक नागरिक रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और उन्हें चयन होने के नियुक्ति पत्र प्राप्त होने की तिथि से तीन माह के नोटिस पर कार्यमुक्त किया जा सकेगा।	
5	रक्षा सेवा हेतु तैनात कर्मियों जो कि विदेशी देश की मोरचाबंदी या उपद्रवग्रस्त क्षेत्र में कार्य के समय विकलांग हुए और उसके परिणामस्वरूप उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया हो।	3 वर्ष

ध्यान दें:

- उपरोक्त श्रेणियों में से एक से अधिक के तहत छूट के लिए पात्र उम्मीदवार के मामले में, आयु में छूट सरकार के दिशानिर्देशों और कंपनी के नियमों के आधार पर संचयी आधार पर उपलब्ध होगी, जो अधिकतम आयु **45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।**
- आयु में छूट की मांग करने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय और/या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी बाद के चरण में सत्यापन के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र की प्रतियां जमा करनी होगी और मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- भूतपूर्व सैनिक के मामले में, जो एक बार सिविल सेवा में सरकारी नौकरी में शामिल हो गया है, उसे अपने पुन: रोजगार के लिए पूर्व सैनिकों के रूप में दिए गए लाभों का फायदा उठाने के बाद, सरकार में पुनर्नियुक्ति के उद्देश्य से उसका भूतपूर्व सैनिक का दर्जा समाप्त हो जाता है। हालांकि, वह पूर्व सैनिकों के लिए लागू आयु में छूट के लिए पात्र होगा।
- भूतपूर्व सैनिक जो किसी भी सिविल रोजगार में शामिल होने से पूर्व विभिन्न रिक्तियों के लिए आवेदन करता है, किसी भी बाद के रोजगार के लिए भूतपूर्व सैनिक के रूप में आरक्षण का लाभ उठा सकता है। हालांकि, इस लाभ का फायदा उठाने के लिए, एक भूतपूर्व सैनिक, जैसे ही वह किसी भी सिविल रोजगार में शामिल होता है, उसे संबंधित नियोक्ता को विभिन्न रिक्तियों के लिए आवेदन के दिनांक-वार विवरण के बारे में स्व-घोषणा/वचनबद्धता देना अपेक्षित है, जिसके लिए उसने प्रारंभिक रोजगार में शामिल होने से पहले आवेदन किया। इसके अलावा, यह लाभ केवल उन रिक्तियों के संबंध में उपलब्ध होगा जो सीधी भर्ती पर भरी जाती हैं और जहां भी भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण उपलब्ध है।
- अधिकारी संवर्ग में भूतपूर्व सैनिकों के लिए कोई आरक्षण नहीं है।

परिभाषाएं

क. **भूतपूर्व सैनिक (EXSM):** केवल उन्हीं उम्मीदवारों को भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा जो भारत सरकार, गृह मंत्रालय और कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग अधिसूचना संख्या 36034/5/85 स्था (एससीटी) दिनांकित 27.01.1986 समय-समय पर यथा संशोधित में निर्धारित संशोधित परिभाषा को पूरा करते हैं।

ख. **दिव्यांग भूतपूर्व सैनिकों (DISXS)** भूतपूर्व सैनिकों, जो संघ के सशस्त्र बलों में सेवारत दुश्मन के खिलाफ(या अशांत क्षेत्रों) ऑपरेशन में अक्षम किए गए थे, को DISXS रूप में माना जाएगा।

ग. **बेंचमार्क दिव्यांगजन व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी):** " दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016" की धारा 34 के तहत बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति आरक्षण के लिए पात्र हैं। इस अधिनियम के तहत उल्लिखित दिव्यांगजन की आरक्षित श्रेणियां हैं :

क. नेत्रहीन और कम दृष्टि;
ख. बधिर और सुनने में कठिनाई;
ग. सेरेब्रल पाल्सी, ठीक किए गए कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी सहित लोकोमोटर अक्षमता;
घ. स्वलीनता, बौद्धिक अक्षमता, विशिष्ट सीखने की अक्षमता और मानसिक रोग;
ड़. खंड (क) से (घ) के अंतर्गत व्यक्तियों में से बहु-अक्षमता जिसमें प्रत्येक अक्षमता के लिए चिन्हित किए गए पदों में बधिर-नेत्रहीनता शामिल है:

नोट : उपरोक्त निर्दिष्ट अक्षमता की परिभाषा "दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016" के अनुसार होगी। तदनुसार, उपरोक्त दिव्यांगजन आवेदन करने के पात्र हैं। जो व्यक्ति आरक्षण/छूट का लाभ लेना चाहता है, उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया दिव्यांगजन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

कृपया ध्यान दें कि इस पद के लिए आवेदन करने के लिए निर्दिष्ट पात्रता मानदंड मूल मानदंड हैं। साक्षात्कार के समय, उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्शाए अनुसार श्रेणी, राष्ट्रीयता, आयु, शैक्षिक योग्यता आदि से संबंधित अपनी पहचान और पात्रता के समर्थन में मूल रूप से प्रासंगिक दस्तावेजों और एक स्व-सत्यापित फोटोकॉपी प्रस्तुत करना होगा। कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन आवेदन की पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसी भी स्तर पर आवेदन डेटा में किसी भी बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल पद के लिए आवेदन करने और ऑनलाइन परीक्षा और/या बाद के साक्षात्कार और/या बाद की प्रक्रियाओं में शॉर्टलिस्ट होने का मतलब यह नहीं है कि एक उम्मीदवार को कंपनी में रोजगार की पेशकश की जाएगी। जिस पद के लिए आवेदन किया गया है, उसके अलावा किसी अन्य श्रेणी/पद/समूह के अंतर्गत उम्मीदवारी पर विचार करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(i) स्क्राइब का प्रयोग कर रहे बेंचमार्क दिव्यांगजन के लिए दिशानिर्देश

दृष्टिबाधित उम्मीदवार और उम्मीदवार जिनकी लेखन गति किसी भी कारण से स्थायी रूप से प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है, वे ऑनलाइन परीक्षा के दौरान अपने खर्च पर अपने स्वयं के स्क्राइब का उपयोग कर सकते हैं, जो नीचे (ii) और (iii) अधीन है। ऐसे सभी मामलों में जहां एक स्क्राइब का उपयोग किया जाता है, निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

- उम्मीदवार को अपने खर्चे पर अपने स्वयं के स्क्राइब की व्यवस्था करनी होगी।
- उम्मीदवार द्वारा व्यवस्थित स्क्राइब उसी परीक्षा के लिए उम्मीदवार नहीं होना चाहिए। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि स्क्राइब भी उसी परीक्षा के लिए एक अलग सत्र में उपस्थित हुआ है, तो स्क्राइब और उम्मीदवार दोनों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
- स्क्राइब एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड का वर्तमान कर्मचारी नहीं होना चाहिए।

- एक उम्मीदवार के लिए स्क्राइब के रूप में काम करने वाला व्यक्ति दूसरे उम्मीदवार के लिए स्क्राइब नहीं हो सकता।
- स्क्राइब किसी भी एकेडमिक स्ट्रीम से हो सकता है। हालाँकि, स्क्राइब को पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक स्ट्रीम से अलग होना चाहिए।
- उम्मीदवार और साथ ही स्क्राइब दोनों को परीक्षा केंद्र के स्थान पर एक उपयुक्त घोषणा पत्र देना होगा, यह पुष्टि करते हुए कि स्क्राइब ऊपर उल्लिखित स्क्राइब के लिए सभी निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। इसके अलावा यदि बाद में यह पता चलता है कि उसने किसी निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा नहीं किया है या महत्वपूर्ण तथ्यों को छुपाया है, तो ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम के बावजूद, आवेदक की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
- वे उम्मीदवार जो स्क्राइब का उपयोग करते हैं, वे परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए या कंपनी द्वारा अन्यथा सलाह के अनुसार 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे।
- यदि प्रक्रिया के किसी भी चरण में उपरोक्त का उल्लंघन पाया जाता है, तो उम्मीदवार और स्क्राइब दोनों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। परीक्षा में स्क्राइब की सेवाओं का उपयोग करने के इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में इसे सावधानीपूर्वक इंगित करना चाहिए। बाद में किसी भी अनुरोध पर अनुग्रहपूर्वक विचार नहीं किया जाएगा।
- परीक्षा के दौरान, किसी भी स्थिति में, यदि यह पाया जाता है कि स्क्राइब स्वयं प्रश्नों का उत्तर दे रहा है, तो परीक्षा सेशन समाप्त कर दिया जाएगा और उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि परीक्षण प्रशासक कर्मियों द्वारा परीक्षा के बाद यह चलता है कि स्क्राइब ने खुद ही प्रश्नों का उत्तर दिया है तो ऐसे उम्मीदवार, जो स्क्राइब सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं, की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
- कोई भी उम्मीदवार जो ऊपर उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार स्क्राइब का उपयोग करने के लिए पात्र नहीं है, ऑनलाइन परीक्षा में स्क्राइब का उपयोग करता है, भर्ती की प्रक्रिया में आगे भाग लेने के लिए अयोग्य होगा।
- ऑनलाइन परीक्षा के लिए स्क्राइब के लिए एक अतिरिक्त कॉल लेटर होगा।
- केवल प्रतिपूरक समय के लिए पंजीकृत उम्मीदवारों को ही ऐसी रियायतों की अनुमति दी जाएगी क्योंकि उम्मीदवारों को दिया गया प्रतिपूरक समय सिस्टम आधारित होगा, यदि वह इसके लिए पंजीकृत नहीं है तो परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के लिए ऐसा समय देना संभव नहीं होगा। प्रतिपूरक समय के लिए पंजीकृत नहीं होने वाले उम्मीदवारों को ऐसी छूट की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) लोकोमोटर अक्षमता और सेरेब्रल पाल्सी वाले उम्मीदवारों के लिए दिशानिर्देश

लोकोमोटर अक्षमता और सेरेब्रल पाल्सी वाले उम्मीदवारों के लिए प्रति घंटे 20 मिनट या अन्यथा सलाह दी गई प्रतिपूरक समय की अनुमति दी जाएगी, जहां प्रमुख (स्क्राइब) सीमा तक कार्य के प्रदर्शन (न्यूनतम 40% हानि) को कम करने की सीमा तक प्रभावित होता है।

(iii) **दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए दिशानिर्देश**

- दृष्टिबाधित उम्मीदवार (जो कम से कम 40% विकलांगता से पीड़ित हैं) परीक्षा की सामग्री को आवर्धित फ़ॉन्ट में देखने का विकल्प चुन सकते हैं और ऐसे सभी उम्मीदवार प्रत्येक घंटे 20 मिनट के प्रतिपूरक समय या अन्यथा परीक्षा में दी जाने वाले सलाह के अनुरूप पात्र होंगे।
- परीक्षा की सामग्री को आवर्धक फ़ॉन्ट में देखने की सुविधा दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध नहीं होगी जो परीक्षा के लिए स्क्राइब की सेवाओं का उपयोग करते हैं।

(iv) 40% से अधिक बेंचमार्क विकलांगता वाले एसएलडी/एमआई उम्मीदवार, जो या तो एक स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं या नहीं, परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट के प्रतिपूरक समय या अन्यथा कंपनी द्वारा दी जाने वाली सलाह के अनुरूप पात्र होंगे।

ध्यान दें : ये दिशानिर्देश समय-समय पर भारत सरकार के दिशा-निर्देशों/स्पष्टीकरणों, यदि कोई हो, के संदर्भ में परिवर्तन के अधीन हैं। ऑनलाइन परीक्षा के समय स्क्राइब का उपयोग करते हुए प्रस्तुत की जाने वाली घोषणा **अनुबंध I** के अनुसार है।

7. **चयन प्रक्रिया:**

चयन ऑनलाइन परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग पर आधारित होगा, जिसके लिए कुल अंक 200 होंगे।

क. **ऑनलाइन परीक्षा** : उम्मीदवारों को ढाई घंटे (150 मिनट) की अवधि के कुल **150 अंकों** की **ऑनलाइन परीक्षा (वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक)** के लिए उपस्थित होना है। ऑनलाइन परीक्षा में न्यूनतम योग्यता अंक सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और ईडब्ल्यूएस के लिए **60%** और एससी / एसटी के लिए **55% है**। ऑनलाइन परीक्षा जनवरी माह (अनंतिम) में आयोजित की जाएगी। कंपनी के विवेक पर परीक्षाओं की तिथियां बदली जा सकती हैं। ऑनलाइन परीक्षा का विवरण इस प्रकार है:

सभी विषय के प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए :

क्र. सं.	परीक्षा का नाम	परीक्षा का स्वरूप	अधिकतम अंक	प्रश्नों की संख्या	परीक्षा का माध्यम	अवधि
1.	तर्कशक्ति की परीक्षा	वस्तुनिष्ठ	25	25	अंग्रेज़ी / हिंदी	75 मिनट
2.	अंग्रेजी भाषा की परीक्षा	वस्तुनिष्ठ	20	20	अंग्रेज़ी	
3.	सामान्य जागरूकता की परीक्षा	वस्तुनिष्ठ	20	20	अंग्रेज़ी / हिंदी	
4.	मात्रात्मक योग्यता और कंप्यूटर साक्षरता की परीक्षा	वस्तुनिष्ठ	25	25	अंग्रेज़ी / हिंदी	
5.	संबंधित विषय में तकनीकी एवं व्यावसायिक ज्ञान का आकलन करने के लिए व्यावसायिक परीक्षा	वस्तुनिष्ठ	35	35	अंग्रेज़ी / हिंदी	30 मिनट
6.	वर्णनात्मक अंग्रेजी की परीक्षा- निबंध, संक्षिप्तीकरण एवं अभिबोध	वर्णनात्मक	25	3	केवल अंग्रेज़ी	45 मिनटों

हिंदी अधिकारी के लिए :

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	परीक्षा का प्रारूप	अधिकतम अंक	प्रश्नों की संख्या	परीक्षा का माध्यम	अवधि
1.	तर्कशक्ति की परीक्षा	वस्तुनिष्ठ	20	20	अंग्रेजी / हिंदी	50 मिनट
2.	सामान्य जागरूकता की परीक्षा	वस्तुनिष्ठ	20	20	अंग्रेजी / हिंदी	
3.	अनुवाद की परीक्षा (अंग्रेजी से हिंदी एवं हिंदी से अंग्रेजी)	वस्तुनिष्ठ	20	20	अंग्रेजी / हिंदी	
4.	हिंदी और अंग्रेजी व्याकरण / शब्दावली की परीक्षा + राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में अधिनियम और नियमों का ज्ञान	वस्तुनिष्ठ	40	40	अंग्रेजी / हिंदी	30 मिनट
5.	हिंदी भाषा में निबंध, संक्षिप्तीकरण एवं अभिबोध एवं हिन्दी और अंग्रेजी व्याकरण की परीक्षा + अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद (परीक्षा) + हिंदी टंकण	वर्णनात्मक	50	5	अंग्रेजी और हिंदी	70 मिनट

ध्यान दें :

- सभी विषयों की परीक्षा एक ही सत्र में आयोजित की जाएगी ।
- वर्णनात्मक परीक्षा केवल ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी।
- **गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक:** गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक होंगे, प्रत्येक गलत उत्तर के लिए आवंटित अंकों (वस्तुनिष्ठ परीक्षा) का 1/4 काटा जाएगा । यदि कोई प्रश्न खाली छोड़ दिया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा कोई उत्तर अंकित नहीं किया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दंड नहीं होगा ।
- उम्मीदवारों को अपने खर्चे पर ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होना होगा ।
- कंपनी के पास ऑनलाइन परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को बढ़ाने / सीमित करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा में न्यूनतम निर्धारित अंकों के संबंध में रिक्तियों की संख्या के अनुरूप पात्रता मानक में छूट / बढ़ाने का अधिकार है ।
- कंपनी परीक्षा के स्वरूप को संशोधित करने का अधिकार रखती है जिसे इसकी वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www.aicofindia.com को नियमित रूप से देखते रहें । अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग-गैर-नवोन्त /पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए परीक्षा से पूर्व प्रशिक्षण (ऑनलाइन):

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग- गैर- नवोन्त/ पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार जो परीक्षा से पूर्व ऑनलाइन प्रशिक्षण का लाभ उठाना चाहते हैं, वे ऑनलाइन आवेदन करते समय इसको इंगित कर सकते हैं। उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि विस्तृत विवरण के लिए नियमित रूप से एआईसी वेबसाइट के कैरियर अनुभाग को देखें। जिन उम्मीदवारों ने प्रशिक्षण का विकल्प चुना है, उन्हें भी पंजीकृत ईमेल / मोबाइल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि केवल पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण में भाग लेने से, किसी भी उम्मीदवार को कंपनी में रोजगार का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होता है।

ख. **साक्षात्कार :**

ऑनलाइन परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को योग्यता के क्रम में स्थान दिया जाएगा और उन्हें कंपनी द्वारा आयोजित किए जाने वाले साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। कंपनी के पास रिक्तियों की संख्या के अनुरूप साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों को प्रतिबंधित/बढ़ाने के लिए पात्रता मानकों को तय करने का अधिकार है। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की उपलब्धता के अधीन भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या से लगभग तीन गुना होगी जो उनकी संबंधित श्रेणी / शिक्षण में उनकी रैंकिंग के अनुसार होगी। अंतिम शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार के समान कट-ऑफ स्कोर वाले सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार के अधिकतम अंक 50 हैं, कंपनी के पास साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंक निर्धारित करने का अधिकार है।

साक्षात्कार कॉल लेटर में शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को केंद्र, स्थान का पता, साक्षात्कार का समय और तारीख सूचित किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि साक्षात्कार की तिथि, केंद्र आदि में परिवर्तन के संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

हालांकि, कंपनी के पास अप्रत्याशित परिस्थितियों में, यदि कोई हो, साक्षात्कार की तिथि/स्थान/समय/केंद्र आदि को बदलने या विशेष तिथि/सत्र/स्थल/केंद्र/उम्मीदवारों के समूह के लिए पूरक प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार है।

साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवार, यात्रा (रेल/बस टिकट/रसीद आदि) के साक्ष्य प्रस्तुत करने पर, उनके निवास स्थान से सबसे छोटे मार्गों से आने-जाने के लिए एसी III टियर रेल किराए/बस/ किराए के हकदार हैं।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वे उम्र और योग्यता की आवश्यकताओं (जैसा कि पहले उल्लेखित महत्वपूर्ण तिथियों पर) को पूरा करते हैं। यदि कोई उम्मीदवार अयोग्य पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी भर्ती के किसी भी स्तर पर रद्द कर दी जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार में उपस्थिति उक्त पदों के लिए चयनित होने का कोई अधिकार स्वतः प्रदान नहीं करेगा।

ग. **चयन** :

चयन ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा। अंतिम वरीयता सूची उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त समेकित अंकों के अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी। वे उम्मीदवार जो वरीयता सूची में रिक्तियों की संख्या के बीच आते हैं उनकी नियुक्ति पर विचार किया जाएगा। दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के समान अंक के मामले में, उम्मीदवारों के ऐसे समूह का योग्यता क्रम उनकी अतिरिक्त स्नातकोत्तर योग्यता के अनुसार होगा (अर्थात् उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले व्यक्ति को योग्यता क्रम में ऊपर रखा जाएगा)

और शैक्षिक योग्यता में समानता के मामले में मेरिट क्रम आयु (अर्थात् आयु में वरिष्ठ को योग्यता क्रम में ऊपर रखा जाएगा) के आधार पर तय किया जाएगा।

उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी जोकि अंतिम मेरिट सूची में चयनित उम्मीदवारों द्वारा नियुक्ति प्रस्ताव को अस्वीकार करने की स्थिति में या किसी भी कारण से भरी हुई रिक्ति के रिक्त होने की स्थिति में उपयोग किया जाएगा। इस प्रकार तैयार की गई प्रतीक्षा सूची चयनित उम्मीदवारों के अंतिम परिणाम के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी। हालांकि, प्रतीक्षा सूची से उम्मीदवारों को नियुक्ति देने का निर्णय प्रबंधन का विवेकाधिकार है।

घ. पूर्व भर्ती चिकित्सा परीक्षा :

अंतिम मेरिट सूची में शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को पूर्व-भर्ती चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा और उनका चयन कंपनी की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाए जाने के अधीन होगा।

परीक्षा केंद्र:

1. परीक्षा संबंधित कॉल लेटर में दिए गए निर्धारित स्थानों पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
2. उम्मीदवार द्वारा एक बार चुने गए केंद्र का चयन अंतिम होगा और परीक्षा के लिए केंद्र/स्थान/तिथि/सत्र में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. हालांकि, प्रतिक्रिया एवं प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर, कंपनी के पास अपने विवेक से किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और/या कुछ अन्य केंद्रों को जोड़ने का अधिकार है।
4. कंपनी के पास उम्मीदवार को उसके द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा किसी अन्य केंद्र को आवंटित करने का भी अधिकार है।
5. उम्मीदवार अपने जोखिम और खर्च पर परीक्षा केंद्र में परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे और कंपनी किसी भी प्रकार की चोट या हानि आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
6. यदि पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार "ऑनलाइन" परीक्षा के लिए किसी विशेष केंद्र का विकल्प नहीं चुनते हैं, तो कंपनी के पास उन उम्मीदवारों को कोई अन्य निकटस्थ केंद्र आवंटित करने का अधिकार है या यदि उम्मीदवारों की संख्या किसी केंद्र के लिए ऑनलाइन परीक्षा के लिए उपलब्ध क्षमता से अधिक है, कंपनी के पास उम्मीदवार को कोई अन्य केंद्र आवंटित करने का अधिकार है।

कंपनी के विवेकाधिकार पर परीक्षा केंद्र एवं तिथि बदली जा सकती हैं। किसी भी केंद्र पर परीक्षा रद्द होने की स्थिति में, कंपनी अपने विवेकाधिकार से संबंधित उम्मीदवार को कोई वैकल्पिक केंद्र आवंटित कर सकती है।

ऑनलाइन परीक्षा के लिए केंद्र ऑनलाइन परीक्षा के लिए केंद्रों की अनंतिम सूची नीचे दी गई है -

क्र.सं.	**राज्य/केंद्र शासित प्रदेश/एनसीआर**	**केन्द्र**
1	आंध्र प्रदेश	विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम
2	अरुणाचल प्रदेश	ईटानगर /नाहरलागोन

3	असम	गुवाहाटी
4	बिहार	पटना
5	चंडीगढ़	चंडीगढ़/मोहाली
6	छत्तीसगढ़	रायपुर
7	गोवा	पणजी/वर्ना/दक्षिण गोवा
8	गुजरात	अहमदाबाद/गांधीनगर, वड़ोदरा
9	हरियाणा	फरीदाबाद, गुड़गांव करनाल
10	हिमाचल प्रदेश	शिमला
11	जम्मू और कश्मीर	जम्मू, श्रीनगर,
12	झारखंड	जमशेदपुर, रांची
13	कर्नाटक	बेंगलुरु, गुलबार्ग, धारवाड़, हुबली, मैंगलोर, मैसूर
14	केरल	एर्नाकुलम/कोच्चि, तिरुवनंतपुरम
15	मध्य प्रदेश	भोपाल, ग्वालियर, इंदौर
16	महाराष्ट्र	पुणे, मुंबई/नवी मुंबई/थाणे/ग्रेटर मुंबई, नागपुर
17	मणिपुर	इंफाल
18	मेघालय	शिलांग
19	मिजोरम	आइज़ोल
20	नागालैंड	कोहिमा
21	नई दिल्ली	दिल्ली - एनसीआर
22	उड़ीसा	भुवनेश्वर, बरहामपुर
23	पुदुचेरी	पुदुचेरी
24	पंजाब	अमृतसर, पटियाला,
25	राजस्थान	जयपुर, उदयपुर, जोधपुर
26	सिक्किम	गंगटोक / बर्दांग
27	तमिलनाडु	चेन्नई, कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली
28	तेलंगाना	हैदराबाद / रंगारेड्डी, खम्मम
29	त्रिपुरा	अगरतला
30	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज, लखनऊ, नोएडा- ग्रेटर नोएडा
31	उत्तराखंड	देहरादून
32	पश्चिम बंगाल	आसनसोल, कोलकाता/ग्रेटर कोलकाता, सिलीगुड़ी

कॉल लेटर डाउनलोड करें

ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर जारी किए जाएंगे और उम्मीदवारों द्वारा कंपनी की वेबसाइट www.aicofindia.com में दिए गए लिंक से उचित समय पर डाउनलोड किए जा सकते हैं। कॉल लेटर के बिना उम्मीदवारों को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कॉल लेटर डाउनलोड करने की सूचना आवेदन में दिए गए पंजीकृत ईमेल-आईडी/मोबाइल नंबर पर ईमेल/एसएमएस के

माध्यम से भी भेजी जा सकती है। हालांकि, कंपनी पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर सूचना प्राप्त करने में सक्षम नहीं होने वाले उम्मीदवारों के लिए कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से कंपनी की वेबसाइट www.aicofindia.com पर जाएं। .

एक बार जब उम्मीदवार संबंधित लिंक पर क्लिक करता है, तो वह कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए विंडो तक पहुंच सकता है। उम्मीदवार को कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए (i) रजिस्ट्रेशन नंबर/रोल नंबर, (ii) पासवर्ड/जन्मतिथि का इस्तेमाल करना होगा। उम्मीदवार को कॉल लेटर पर हाल ही में पहचाने जाने योग्य फोटो चिपकाना आवश्यक है, जैसा कि पंजीकरण के दौरान प्रदान किया गया है और परीक्षा स्थल पर निम्न के साथ उपस्थित होना होगा।

(i) **परीक्षा के संबंधित केंद्र, तिथि और सत्र के लिए वैध कॉल लेटर लेकर जाए**

(ii) फोटो पहचान प्रमाण, जैसा कि नीचे दिया गया है, मूल रूप में वही नाम और अन्य जानकारी होनी चाहिए जो कॉल लेटर / आवेदन पत्र पर हो, और

(iii) मूल रूप में लाए गए उपरोक्त फोटो पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी साथ में अवश्य लेकर आये।

पहचान का सत्यापन

परीक्षा हाल तथा साक्षात्कार के समय प्रवेश पत्र के साथ उम्मीदवार वर्तमान वैध फोटो पहचान की प्रतिलिपि सत्यापन हेतु पर्यवेक्षक को जैसे कि पैन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राविंग लायसेंस/वोटर कार्ड/फोटो सहित मूल बैंक पास बुक/कार्यालय पत्र शीर्ष में राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी सत्यापित फोटो पहचान/कार्यालय पत्र शीर्ष में जन प्रतिनिधि द्वारा जारी सत्यापित फोटो पहचान /मान्यता प्राप्त कॉलेज या यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में जारी किया गया वैध पहचान कार्ड/फोटो सहित आधार कार्ड/कार्मिक आईडी/फोटो ग्राफ सहित बार काउंसिल पहचान कार्ड प्रस्तुत करें। उम्मीदवार की पहचान का सत्यापन उसके द्वारा प्रवेश पत्र, उपस्थित सूची और प्रस्तुत किए गए संबंधित दस्तावेज़ के विवरणों के साथ किया जाएगा। यदि उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध पाई जाती है तो उम्मीदवार कॉ परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

राशन कार्ड और लर्नर्स ड्राइविंग लाइसेंस इस प्रक्रिया के लिए वैध आईडी प्रमाण मान्य नहीं होंगे।

टिप्पणी: उम्मीदवार को मूल पहचान साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा और फोटो पहचान साक्ष्य की प्रतिलिपि परीक्षा में उपस्थिति के दौरान परीक्षा प्रवेश पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। क्रमशः इसी प्रकार साक्षात्कार के समय साक्षात्कार प्रवेश पत्र सहित प्रस्तुत करें। इसके बिना परीक्षा/ साक्षात्कार देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवार अवश्य नोट करें कि प्रवेश पत्र में दर्शाया गया नाम (पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान प्रदान किया गया हो) और फोटो पहचान साक्ष्य पर दर्शाया गया नाम बिल्कुल समतुल्य हो। महिला उम्मीदवार जिन्होंने विवाह के पश्चात अपना पहले/अंतिम/मध्य नाम में परिवर्तन किया है इसे विशेष रूप में नोट करें। प्रवेश पत्र और फोटो पहचान साक्ष्य में दर्शाए गए नाम के बीच किसी भी प्रकार का भेद पाया जाता है तो उम्मीदवार को परीक्षा/ साक्षात्कार में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, उन्हें अनुमति तभी दी जाएगी जब वे मूल राजपत्र अधिसूचना/अपने मूल विवाह प्रमाण पत्र/मूल रूप से शपथ पत्र प्रस्तुत करेंगी।

विलंब से उपस्थित होने वाले उम्मीदवार अर्थात्: परीक्षा के लिए कॉल लेटर पर विनिर्दिष्ट रिपोर्टिंग समय के बाद **देरी** से रिपोर्ट करने वाले **उम्मीदवारों** को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी। कॉल लेटर पर उल्लिखित रिपोर्टिंग समय परीक्षा के आरंभ समय से पहले होगा। हालांकि परीक्षा की अवधि ढाई घंटे है, विभिन्न औपचारिकताओं जैसे सत्यापन और विभिन्न आवश्यक दस्तावेजों के इक्कठा करने, लॉग इन एवं निर्देशों आदि हेतु उम्मीदवारों को अधिक समय के लिए परीक्षा स्थल पर रहना होगा।

सामाजिक दूरी पद्धति से परीक्षा संचालन संबंधी अनुदेश

उम्मीदवारों के विभिन्न सेटों के लिए अलग-अलग रिपोर्टिंग समय मुद्रित की जाएगी | भीड़ से बचने के लिए उम्मीदवार रिपोर्टिंग समय से पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुँच जाएं।

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश पत्र में उल्लिखित और/या परीक्षा तिथि से पूर्व उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर/ई-मेल पर SMS/मेल के जरिए सूचित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। अभ्यर्थियों से इस समयावधि का सख्ती से पालन अपेक्षित है क्योंकि परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति संबंधित अभ्यर्थी को केवल उसे आबंटित समयावधि में ही मिलेगी ।अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग समय से न्यूनतम 15 मिनट पहले रिपोर्ट करना चाहिए।

2. 'उम्मीदवार के रोल नंबर और उनके बैठने की लैब नंबर' परीक्षा स्थल के बाहर प्रदर्शित नहीं की जाएगी, लेकिन परीक्षा स्थल पर प्रवेश के समय उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से बता दिया जाएगा और उनका प्रवेश पत्र/ कॉल लेटर और आईडी का सत्यापन किया जाएगा।

3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री -

   उम्मीदवारों को परीक्षा स्थल पर अपने साथ केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी।

   क) मास्क (N95 मास्क पहनना अनिवार्य है)

   ख) दस्ताने

   ग) व्यक्तिगत पारदर्शी पानी की बोतल

   घ) पर्सनल हैंड सैनिटाइज़र (50 मिली)

   ड़) एक साधारण कलम

   च) परीक्षा संबंधी दस्तावेज (कॉल लेटर/एडमिट कार्ड, आईडी कार्ड की प्रति, आईडी कार्ड की फोटोकॉपी, आदि)

   छ) कॉल लेटर/प्रवेश पत्र इसके साथ स्टेपल किए गए फोटो आईडी की फोटोकॉपी के साथ लाया जाना चाहिए। सत्यापन के लिए मूल आईडी (फोटोकॉपी के समान) भी लाना अनिवार्य है। आईडी और कॉल लेटर/एडमिट कार्ड पर नाम बिल्कुल एक जैसा होना चाहिए।

   ज) स्क्राइब उम्मीदवारों के मामले में - स्क्राइब फॉर्म विधिवत भरा हुआ है और फोटो के साथ हस्ताक्षरित होना चाहिए।

परीक्षा केंद्र के अंदर किसी अन्य वस्तु की अनुमति नहीं होगी।

4. उम्मीदवार को अपना कोई भी व्यक्तिगत सामान / सामग्री किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए |

5. उम्मीदवार एक दूसरे के साथ सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखें।

6. उम्मीदवार को परीक्षा स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़ा होना चाहिए।

7. यदि उम्मीदवार स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है, तो स्क्राइब को भी अपने मास्क, सैनिटाइजर(50 मिली), और पानी की पारदर्शी बोतल साथ में रखे और मास्क पहनना अनिवार्य है। उम्मीदवार और स्क्राइब दोनों को N95 मास्क पहनना अनिवार्य होगा।

8. उम्मीदवार के मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु ऐप इंस्टॉल होना चाहिए। आरोग्य सेतु स्टेटस में उम्मीदवार का जोखिम स्तर जरूर दर्शाया होना चाहिए। उम्मीदवार को यह स्टेटस परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। यदि किसी उम्मीदवार के पास स्मार्ट फोन नहीं है, तो उसे इस आशय की हस्ताक्षरित घोषणा (अनुबंध में स्व-घोषणा उपलब्ध कराई गई है) लानी होगी और इसे परीक्षा स्थल में प्रवेश पर सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। आरोग्य सेतु पर मोडरेट या हाई जोखिम स्टेटस वाले उम्मीदवारों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। यदि घोषणा में किसी भी प्रतिक्रिया से COVID 19 संक्रमण / लक्षण का पता चलता है, तो उम्मीदवार को परीक्षा स्थल के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
[यह निर्देश उम्मीदवार द्वारा लाए गए स्क्राइब पर भी लागू होता है]

9. प्रवेश द्वार पर आरोग्य सेतु स्टेटस दिखाने के बाद, उम्मीदवारों को अपने मोबाइल फोन को स्विच ऑफ करना होगा, और इसे निर्धारित स्थान पर जमा करना होगा, और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय इसे वापस लेना होगा।

10. तापमान के लिए प्रवेश बिंदु पर सभी उम्मीदवारों की थर्मो-गन से जांच की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति को सामान्य तापमान (> 99.14 डिग्री फारेनहाइट) से ऊपर या वायरस के किसी भी लक्षण को प्रदर्शित करते हुए पाया जाता है, तो उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

11. उम्मीदवार पंजीकरण में:

क. उम्मीदवार का पंजीकरण फोटो लेकर किया जाएगा।
ख. फोटोग्राफ उम्मीदवार के खड़े होने की मुद्रा में खींची जाएगी।
ग. उम्मीदवार को सीट नंबर दिया जाएगा।

12. रफ शीट कॉल लेटर और आईडी प्रमाण प्रबंधन

- प्रत्येक उम्मीदवार डेस्क पर रखी रफ शीट का उपयोग करेंगे। परीक्षा के दौरान कोई अतिरिक्त शीट प्रदान नहीं की जाएगी।
- उम्मीदवार को लैब/स्थल से बाहर निकलते समय या निर्धारित स्थान पर दिए गए बॉक्स में आईडी प्रूफ कॉपी के साथ कॉल लेटर छोड़ने से संबंधित निर्देशों का पालन अवश्य करना चाहिए। वे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाते हैं, उन्हें कॉल लेटर और आईडी प्रमाण की कॉपी के साथ स्क्राइब फॉर्म भी जमा करना चाहिए|
- उम्मीदवार को लैब/स्थल से बाहर निकलते समय, वहाँ उपलब्ध कराए गए बॉक्स में रफ शीट डालनी होगी। रफ शीट के लिए ड्रॉप बॉक्स कॉल लेटर बॉक्स से अलग होगा। विशिष्ट निर्देश परीक्षा स्थल पर बताए जाएंगे।

13. परीक्षा के बाद नियंत्रण

परीक्षा पूर्ण होने पर, उम्मीदवारों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।
(परीक्षा की निर्धारित तिथि के दौरान स्थिति के आधार पर परीक्षा से संबंधित अन्य निर्देश जोड़े या संशोधित किए जा सकते हैं)

साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची (जो लागू हो)

उम्मीदवार को अपनी पात्रता और पहचान के समर्थन **में निम्नलिखित दस्तावेज की मूल प्रति और स्व-सत्यापित फोटोकॉपी** को साक्षात्कार के समय अनिवार्य रूप से साथ में लाने होंगे, जिसके न होने पर उम्मीदवार को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। **साक्षात्कार के समय उम्मीदवार द्वारा अपेक्षित दस्तावेज जमा नहीं करने पर आगामी भर्ती प्रक्रिया में उसकी उम्मीदवारी वर्जित कर दी जाएगी।**

i) वैध साक्षात्कार कॉल लेटर का प्रिंटआउट।
ii) ऑनलाइन परीक्षा के लिए पंजीकृत ऑनलाइन आवेदन पत्र का सिस्टम जनरेटेड प्रिंटआउट।
iii) जन्म तिथि का प्रमाण (सक्षम नगरपालिका अधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र या एसएसएलसी / जन्म तिथि के साथ 10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र)|
iv) विज्ञापन में दर्शाए गए अनुसार पहचान को सत्यापित करते हुए पहचान प्रमाण|
v) दसवीं, बारहवीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर (यदि कोई है तो) या समतुल्य शैक्षणिक योग्यता इत्यादि की अंक सूची तथा प्रमाण पत्र|
vi) **जहां सीजीपीए/ओजीपीए प्रदान किया जाता है, उम्मीदवार को अन्य बातों के साथ-साथ ग्रेड को प्रतिशत में बदलने के संबंध में विश्वविद्यालय मानदंडों के शर्तों अनुसार उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के प्रतिशत को बताते हुए उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी एक प्रमाण पत्र।**
vii) **अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के मामले में भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति वैधता प्रमाण पत्र (जहां लागू हो) के साथ जाति प्रमाण पत्र|**

(क) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के संबंध में जाति प्रमाण पत्र निम्नलिखित सक्षम प्राधिकारियों से प्राप्त होना चाहिए (जैसा कि समय-समय पर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है):

1. जिला मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट / जिलाधिकारी / उपायुक्त / उप जिलाधिकारी / प्रथम श्रेणी स्टायपेंडरी मजिस्ट्रेट / सिटी मजिस्ट्रेट / उप-मंडलीय मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी स्टायपेंडरी मजिस्ट्रेट के पद से नीचे नहीं) / तालुका मजिस्ट्रेट / कार्यकारी मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त सहायक आयुक्त।
2. मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट
3. राजस्व अधिकारी, तहसीलदार के पद से नीचे न हो

4. उस क्षेत्र का उप मंडलीय अधिकारी जहाँ उम्मीदवार और/या उसका परिवार सामान्य रूप से रहता है
5. जहां तक तमिलनाडु के अनुसूचित जनजाति समुदायों का संबंध है, तहसीलदार के बजाय राजस्व मंडल अधिकारी द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र ही स्वीकार किया जाएगा।

ध्यान दें: जाति प्रमाण पत्र (जहां लागू हो) मूल रूप से, उस राज्य / केंद्र शासित प्रदेश के उपयुक्त प्राधिकारियों से, जहां से जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया था, साक्षात्कार के समय स्व-सत्यापित फोटोस्टेट प्रति के साथ प्रस्तुत करना होगा।

(ख) उम्मीदवारों जो अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आरक्षण चाहते हैं उन्हें **"अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति और गैर-नवोन्नत स्थिति" का प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना होगा, जो कि डीओपीटी के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-स्था.(एससीटी) दिनांकित 15/11/1993(समय-समय पर संशोधित) में उल्लिखित प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। प्रमाणपत्र में डीओपीटी के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-स्था.(एससीटी) दिनांकित 15/11/1993(समय-समय पर संशोधित) की अनुसूची के कॉलम 3 के अनुरूप "गैर-नवोन्नत क्लॉज" होना चाहिए। प्रमाणपत्र पिछले तीन वित्तीय वर्षों अर्थात् वित्त वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 की आय पर आधारित होना चाहिए (और 31.03.2021 के बाद जारी हो)। इसके बिना उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ऐसे उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रारूप में घोषणा भी प्रस्तुत करनी होगी :

"मैं, ___________ पुत्र/पुत्री श्री________________ गांव/कस्बा/शहर का निवासी _________________ जिला____________ राज्य_______________ एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मैं _________ समुदाय से संबंध रखता हूं जिसकी पहचान भारत सरकार द्वारा सेवा में आरक्षण के प्रयोजन हेतु पिछड़े वर्ग के अंतर्गत की गई है। जो कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-स्था. (एससीटी) दिनांकित 08/09/1993, जो समय-समय पर संशोधित किया जाता है, के नियमों के अनुसार जारी किया गाय है। मैं यह भी घोषित करता हूँ कि मैं किसी व्यक्ति/समूह/समुदाय/समुदायों (क्रीमी लेयर) का हिस्सा नहीं हूँ जिसका उल्लेख कार्यालय ज्ञापन दिनांक 08/09/1993(समय-समय पर संशोधित) के कॉलम 3 की सूची में है"

प्रमाण पत्र में उल्लिखित जाति का नाम केंद्र सरकार की सूची / अधिसूचना के साथ पत्र से मेल खाना चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार लेकिन क्रीमी लेयर के अंतर्गत आने वाले तथा / या यदि उनकी जाति केंद्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में स्थान नहीं पाती है तो वे अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के हकदार नहीं हैं। वे उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में अपने वर्ग को 'सामान्य' दर्शाएँ।

viii) **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अंतर्गत आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों के लिए:**

1. आरक्षण व्यक्ति जो कि मौजूदा आरक्षण की योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग के अंतर्गत नहीं आते हैं और जिनकी पारिवारिक की सकल वार्षिक आय 8.00 लाख रुपये

(केवल आठ लाख रुपये) से कम है, वे व्यक्ति आरक्षण के लाभ में ईडब्ल्यूएस श्रेणी में आएंगे। यह आय सारी स्रोतों अर्थात् वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशे आदि से मिलकर ली जाएगी और यह आय वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए मानी जाएगी | पारिवारिक आय के अलावा जिन व्यक्तियों के परिवार में ये निम्नलिखित संपत्ति होगी, वे इस आरक्षण का लाभ नहीं उठा सकते हैं :

i.) कृषि भूमि 5 एकड़ से अधिक हो;

ii.) 1000 वर्ग फुट और उससे अधिक का आवासीय फ्लैट;

iii.) अधिसूचित नगर पालिकाओं में 100 स्क्वायर यार्ड और उससे अधिक के आवासीय जमीन;

iv.) निगम में आवासीय न हो तो प्लॉट 200 स्क्वायर यार्ड या उससे अधिक के आवासीय जमीन।

2. अलग-अलग स्थानों या अलग-अलग स्थानों/शहरों में एक "परिवार" द्वारा रखी गई संपत्ति को ईडब्ल्यूएस स्थिति निर्धारित करने के लिए भूमि या संपत्ति धारण परीक्षण लागू करते समय जोड़ा जाएगा।
3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षण का लाभ उठाया जा सकता है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में अधिसूचित किसी एक प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र केवल ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवार के दावे के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार की प्रक्रिया के लिए उपस्थित होने के समय भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट अपेक्षित प्रमाण पत्र लाने की आवश्यकता होगी।
4. इस उद्देश्य के लिए "परिवार" शब्द में वह व्यक्ति शामिल होगा जो आरक्षण का लाभ चाहता है, उसके माता-पिता और 18 वर्ष से कम आयु के भाई-बहन और उसके पति या पत्नी और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे भी शामिल हैं।
5. इस संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन किया जाएगा।

अस्वीकरण: ईडब्ल्यूएस रिक्तियां अस्थायी हैं और भारत सरकार के आगे के निर्देशों और किसी भी अभियोग के परिणाम के अधीन हैं।

निम्नलिखित में से किसी एक प्राधिकारी द्वारा **अनुबंध-II** में दिए गए निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया आय और संपत्ति प्रमाण पत्र केवल ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवार के दावे के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा: -

क. जिला मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट / जिलाधिकारी / उपायुक्त / अतिरिक्त उपायुक्त / प्रथम श्रेणी स्टायपेंडरी मजिस्ट्रेट / उप-मंडलीय मजिस्ट्रेट / तालुका मजिस्ट्रेट / कार्यकारी मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त सहायक आयुक्त।

ख. मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट

ग. राजस्व अधिकारी, तहसीलदार के पद से नीचे न हो और

घ. उस क्षेत्र का उप मंडलीय अधिकारी जहाँ उम्मीदवार और/या उसका परिवार सामान्य रूप से रहता है

ix) **बेंचमार्क असक्षम व्यक्तियों के** लिए: अधिकृत प्रमाणीकरण प्राधिकारी जिला स्तर पर चिकित्सा बोर्ड होगा जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिले में उप-मंडल चिकित्सा अधिकारी और एक हड्डी रोग / नेत्र रोग / ईएनटी सर्जन या उपयुक्त सरकार द्वारा प्रमाणित प्राधिकारी के रूप में नामित कोई भी व्यक्ति शामिल होगा।

x) **भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार को** साक्षात्कार के समय में पेंशन भुगतान आदेश तथा अंतिम रैंक के दस्तावेजी प्रमाण के साथ सेवा या सेवामुक्ति पुस्तिका प्रस्तुत करनी होगी (मूलभूत के साथ साथ कार्यकारी)। जो लोग अभी भी रक्षा सेवाओं में हैं, सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि उन्हें 31.03.2022 तक या उससे पहले रक्षा सेवाओं से मुक्त कर दिया जाएगा।

xi) सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित) में सेवारत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसके अभाव में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। और यात्रा व्यय, यदि कोई हो, अन्यथा स्वीकार्य, का भुगतान नहीं किया जाएगा।

xii) अनुभव प्रमाण पत्र, यदि कोई हो

xiii) पात्रता के समर्थन में कोई अन्य प्रासंगिक दस्तावेज

xiv) साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले (अ.जा., अ.ज.जा., अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस, पीडब्ल्यूबीडी, भूतपूर्व सैनिक) प्रमाण पत्र के निर्धारित प्रारूपों के लिए कृपया अनुलग्नक देखें। इन श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को इन प्रारूपों में प्रमाण पत्र सख्ती से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

xv) कंपनी किसी भी अन्य दस्तावेज के लिए कॉल करने का अधिकार सुरक्षित रखती है, जैसा कि आवश्यक समझा जा सकता है।

<u>उम्मीदवारों के चयन के संबंध में प्रबंधन / चयन समिति का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।</u>

<u>सामान्य जानकारी</u>

क) परीक्षा प्रशासन में किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न होने की संभावना को पूर्णतः नकारा नहीं जा सकता जिसका प्रभाव परीक्षा देने या परिणाम तैयार करने पर हो सकता है। उस स्थिति में कठिनाई को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा, जिसमें उम्मीदवार को किसी अन्य केंद्र में स्थानांतरित करना शामिल है या, यदि आवश्यक हो तो अन्य परीक्षा भी आयोजित की जा सकती है, उम्मीदवार के पास पुन: परीक्षा का कोई दावा नहीं होगा | इस संबंध में कंपनी का निर्णय अंतिम होगा। ऐसे परिवर्तन को स्वीकार न करने के इच्छुक उम्मीदवार परीक्षा की अपनी उम्मीदवारी खो देंगे।

ख) भर्ती से संबंधित सभी मामलों अर्थात् पात्रता, ऑनलाइन परीक्षा का संचालन अन्य परीक्षा में कंपनी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्य होगा। साक्षात्कार और चयन इस संदर्भ में किसी भी प्रकार का पत्र व्यवहार या व्यक्तिगत पूछताछ मान्य नहीं होगा।

ग) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्रों में आयोजित की जाती है, तो विभिन्न सत्रों में प्राप्त अंकों को परीक्षा के अलग-अलग सत्रों के कठिनाई स्तर को समान करने के लिए समायोजित करने पर मामूली अंतर आएगा। एक से अधिक सत्र लिए जाने की आवश्यकता यदि नोड्स की क्षमता कम होने या केंद्र पर या किसी उम्मीदवार के लिए कोई तकनीकी व्यवधान आने पर पड़ सकती है।

घ) एकल उम्मीदवारों की प्रतिक्रिया (उत्तरों) का विश्लेषण अन्य उम्मीदवारों के साथ, सही और गलत उत्तर के पैटर्न की समानता का पता लगाने के लिए किया जाएगा। इस संबंध में अपनायी गयी विश्लेषनात्मक प्रक्रिया में यदि अनुमान/निष्कर्ष निकाला

गया कि उत्तर का आपस में मिलान किया गया है तथा प्राप्तांक प्रामाणिक/वैध नहीं है तो कंपनी के पास यह अधिकार है कि वह संबन्धित उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर सकती है और ऐसे उम्मीदवारों के परिणाम पर रोक लगा सकती है |

ड़) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी उम्मीदवार द्वारा गलत जानकारी प्रदान करने के दृष्टांत सामने आते हैं तो चयन प्रक्रिया में उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड की किसी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी | यदि वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान ऐसे उदाहरणों का पता नहीं चल पाता, लेकिन बाद में ऐसे दृष्टांत सामने आते है तब ऐसी अयोग्यता पहले से प्रभावी होगी।

च) पद के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्धारित तिथियों तक पात्रता को पूर्ण करता है उसके द्वारा दी गई जानकारी सभी मामलों में सही है | **यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चल जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं कर पाता और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किन्हीं तथ्यों को छुपाया है तब उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी कमियाँ पाई जाती है तो उसकी सेवा से निलंबित कर दिया जाएगा |**

छ) **उम्मीदवारों के हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें सूचित किया जाता है कि वे आवेदन अंतिम तिथि से काफी पहले ही ऑनलाइन आवेदन कर लें और अंतिम तिथि तक आवेदन करने की प्रतीक्षा न करें क्योंकि इंटरनेट पर भारी लोड के कारण वेबसाइट पर लॉग-इन करने में असमर्थता/विफलता/डिस्कनेक्शन जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।**

ज) किसी भी कारणवश यदि उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित तिथि तक जमा कर पाने में असमर्थ होता है तो कंपनी इसकी कोई जिम्मेदारी नहीं लेगी |

झ) उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण करें और भर्ती प्रक्रिया के दौरान अपनी ई-मेल आईडी को सक्रिय रखें। आवेदन फॉर्म पर उम्मीदवार अपना मोबाइल नंबर कंपनी की एसएमएस सेवा हेतु दें |

ञ) उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर होगा | आवश्यक पड़ने पर कंपनी के पास कोई अन्य परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित है और साथ ही अपने विवेक पर किसी भी केंद्र को जोड़ने, हटाने या आवंटित करने का अधिकार है |

ट) **ऑनलाइन परीक्षा में उम्मीदवार का दाखिला अस्थायी तौर पर होगा और उम्मीदवार की आयु/अर्हता/श्रेणी (अ.जा./अ.ज.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएस/ईडब्ल्यूएस) से संबंधित दस्तावेजों की जांच के बिना होगा |**

ठ) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय आयु/योग्यता/श्रेणी आदि से संबंधित दस्तावेज जमा करने होंगे। वे उम्मीदवार जो अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आरक्षण पाना चाहते हैं वे निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, जाति वैधता प्रमाण पत्र (जहां भी वैध हो) के साथ जमा करें और उक्त जाति प्रमाणपत्र में उस नियम/आदेश का भी उल्लेख होना चाहिए जिसके अंतर्गत उम्मीदवार की जाति को अ.जा./अ.ज.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग घोषित किया गया हो और उम्मीदवार उस गाँव व कस्बे का निवासी है इसका भी स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए |

ड) किसी भी चरण में जाति प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार का झूठ पाया गया तो उम्मीदवारी स्वत: ही रद्द हो जाएगी |

ढ) उम्मीदवार जो कि सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत है यदि उनका चयन किया जाता है, तो चयन किए गए उम्मीदवार को कंपनी में कार्यारंभ के समय अपने नियोक्ता (सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी) द्वारा जारी सेवामुक्त पत्र/कार्य मुक्त पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसके बिना उम्मीदवार को कंपनी में कार्यारंभ नहीं करने दिया जाएगा |

ण) उम्मीदवार द्वारा हाल ही में पहचानने योग्य फोटो (4.5 सेमी × 3.5 सेमी) ऑनलाइन आवेदन के लिए अपलोड किया जाना है और उम्मीदवार द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसी फोटो की प्रतिलिपियाँ, पूरे प्रकरण के दौरान उनके पास सुरक्षित हो | उम्मीदवारों द्वारा यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान वह अपनी रूप में किसी तरह का बदलाव न करें। उम्मीदवार द्वारा वही फोटो दिखने की अक्षमता उनकी उम्मीदवारी खंडन करा सकती है।

त) उम्मीदवार द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना होगा कि उनके द्वारा कॉल लेटर, अटेंडेंस शीट आदि में संलग्न हर हस्ताक्षर, बिना किसी विविधताओं के पूर्ण रूप से मेल खाना चाहिए | यदि चयन प्रक्रिया या नियुक्ति के बाद के चरण में, उम्मीदवार की लिखावट या हस्तलिखित घोषणा एक-समान / भिन्न पाई जाती है, तो विशेषज्ञ विश्लेषण के अनुसार, उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

थ) उम्मीदवारों द्वारा आवश्यक रूप से अनुरोध है कि वह परीक्षा में सामाजिक दूरी पद्धति के सभी निर्देशों का पालन करें | किसी भी प्रकार के उल्लंघन के कारण उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

द) किसी विधि दावे की प्रक्रिया में विज्ञापन के संदर्भ में उठे विवाद और/या उसके संबंध में आवेदन केवल दिल्ली के न्यायालय/ न्यायाधिकार/ अदालत में ही किया जा सकता है | केवल दिल्ली के न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों के पास किसी भी कारण/विवाद को निपटाने का एकमात्र और अनन्य अधिकार क्षेत्र होगा।

ध) चयनित उम्मीदवार कंपनी के लागू सेवा नियमों के नियमों एवं शर्तों द्वारा शासित होंगे।

न) परीक्षा हॉल के अंदर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर या ऐसे किसी भी उपकरण का उपयोग सख्त वर्जित है। परीक्षा परिसर में प्रवेश करने से पहले उम्मीदवारों की निम्नलिखित का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तलाशी ली जा सकती है :

(i) जिस परिसर में परीक्षा आयोजित की जा रही है, उसके अंदर मोबाइल फोन या किसी अन्य संचार उपकरण की अनुमति नहीं है। इन निर्देशों के किसी भी उल्लंघन पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भविष्य की परीक्षाओं पर प्रतिबंध भी शामिल है।
(ii) उम्मीदवारों को उनके अपने हित के लिए सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु न लाएं, क्योंकि सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी।

प) परीक्षा / साक्षात्कार में प्रवेश अस्थायी है। केवल उम्मीदवार को कॉल लेटर जारी का अर्थ यह नहीं है कि कंपनी ने उम्मीदवारी को अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया है।

फ) कंपनी के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया को प्रक्रिया के किसी भी चरण में आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने का अधिकार है।

ब) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में दी गई सूचना गलत पाए जाने पर अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने पर उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से निलंबित कर दिया जाएगा तथा उसे भविष्य की चयन प्रक्रियाओं के लिए अपात्र घोषित कर दिया जाएगा | ये कमियाँ वर्तमान चयन प्रक्रिया में न उजागर होकर यदि भविष्य में ज्ञात हो तो उम्मीदवार का निलंबन पूर्व प्रभावी होगा | इसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी किसी भी कीमत पर या बिना किसी स्थिति में उम्मीदवारों की होगी ।

आवेदन कैसे करें

विस्तृत दिशा-निर्देश/प्रक्रिया निम्नलिखित के लिए

क. आवेदन पंजीकरण
ख. शुल्क का भुगतान
ग. फोटोग्राफ और हस्ताक्षर का स्कैन और अपलोड

उम्मीदवार दिनांक 23 नवंबर 2021 से 13 दिसंबर 2021 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं आवेदन को किसी अन्य मोड में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

पंजीकरण से पहले नोट किए जाने वाले महत्वपूर्ण मद

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार -

i. अपनी तस्वीर, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, हाथ से लिखित घोषणा को स्कैन करके सुनिश्चित करें कि सभी फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड के लिए दिए गए दिशानिर्देश के अंतर्गत आवश्यक विनिर्देशों के अनुसार हो ।

ii. उम्मीदवार मान्य व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर रखें, जिसे भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने तक सक्रिय रखें । यदि किसी उम्मीदवार के पास मान्य व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं है, तो उसे अपना नया ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर बनाना होगा । ऑनलाइन आवेदन करने से पहले और भर्ती प्रक्रिया के दौरान उस ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर को बनाए रखना होगा। सभी आधिकारिक संचार पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर भेजे जाएंगे। किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवार को किसी अन्य व्यक्ति के साथ ईमेल आईडी साझा या उल्लेख नहीं करना चाहिए। हालांकि, कंपनी पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर सूचना प्राप्त करने में असक्षम उम्मीदवारों के लिए कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेती है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से कंपनी की वेबसाइट www.aicofindia.com पर जाएं ।

iii. **आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क (अप्रतिदेय)**

शुल्क का भुगतान (ऑनलाइन) : 23 नवम्बर 2021 से 13 दिसम्बर 2021 तक भुगतान की जाने वाली शुल्क की राशि इस प्रकार है:

आवेदक की श्रेणी	शुल्क की राशि (अप्रतिदेय)
अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी	रु. 200/- (केवल सूचना शुल्क)
अन्य सभी श्रेणियां	रु. 1000/- (सूचना शुल्क सहित आवेदन शुल्क)

नोट: लेनदेन शुल्क, यदि लागू हो, उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाना है। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी खाते में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक लेनदेन शुल्क उम्मीदवार को वहन करना होगा।

अपेक्षित आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए आवश्यक विवरण/दस्तावेज तैयार रखें।

क. आवेदन पंजीकरण

1. उम्मीदवार कंपनी की वेबसाइट www.aicofindia.com के कैरियर अनुभाग में जाएं और " **ऑनलाइन आवेदन करें** " विकल्प पर क्लिक करें जिससे एक नई स्क्रीन खुलेगी।
2. आवेदन पंजीकृत करने के लिए, **"नए पंजीकरण के लिए यहां क्लिक करें"** का बटन चुनें और नाम, संपर्क विवरण और ईमेल-आईडी दर्ज करें। स्क्रीन पर अस्थायी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड सिस्टम द्वारा उत्पन्न किया जाएगा | उम्मीदवार अस्थाई पंजीकरण संख्या और पासवर्ड नोट करें। अस्थाई पंजीकरण संख्या और पासवर्ड को दर्शाने वाले ईमेल और एसएमएस भी भेजे जाएंगे।
3. उम्मीदवार द्वारा एक बार आवेदन पूरा न करने की स्थिति में वह पहले से प्रविष्ट किए गए डाटा को **"सेव एंड नेक्स्ट"** टैब के माध्यम से सेव करें। ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति से पहले उम्मीदवार को निर्देश दिया जाता है कि वे " **सेव एंड नेक्स्ट** " सुविधा के माध्यम से ऑनलाइन आवदन फॉर्म में सभी विवरणों को सत्यापित करें और यदि आवश्यक हो तो उनका संशोधिन भी करें। दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को आवेदन पत्र को ध्यान से भरें तथा आवेदन जमा करने से पूर्व जांच लें कि भरे गए सभी विवरण सही है |
4. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में भरे गए विवरणों को ध्यान से भरें और जांच लें क्योंकि **"कंप्लीट रजिस्ट्रेशन बटन"** पर क्लिक करने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन संभव/मान्य नहीं होगा।
5. आवेदन में उम्मीदवार का नाम या उसके पिता / पति आदि का नाम की वर्तनी सही हो जैसा कि उसके प्रमाण पत्र / अंक पत्र / पहचान प्रमाण में दिखाया गया है। कोई भी परिवर्तन/बदलाव पाए जाने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है |
6. अपना विवरण प्रमाणित करें और अपने आवेदन को **'विवरण सत्यापित करें'** और **'सहेजें और अगले' बटन पर** क्लिक करें।
7. मद संख्या "ग" में दिए गए फोटो और हस्ताक्षर को स्कैन और अपलोड करने के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार ही फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए आगे बढ़े |
8. उम्मीदवार आवेदन फॉर्म के अन्य विवरण भरने के लिए आगे बढ़ सकते हैं।
9. **कंप्लीट रजिस्ट्रेशन** से पहले संपूर्ण आवेदन पत्र का पूर्वावलोकन और जांच करने के लिए **पूर्वावलोकन टैब** पर क्लिक करें।
10. यदि आवश्यक हो, तो विवरण संशोधित करें, और अपलोडेड फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और भरे गए अन्य विवरण की जांच करने के बाद ही **'कंप्लीट रजिस्ट्रेशन'** पर क्लिक करें।
11. ' **भुगतान** ' टैब पर क्लिक करें और भुगतान के लिए आगे बढ़ें।
12. ' **सबमिट** ' बटन पर क्लिक करें।

ख. <u>शुल्क का भुगतान</u>

<u>ऑनलाइन माध्यम से</u>

1. आवेदन शुल्क का भुगतान आवेदन फॉर्म को पूर्ण करने वाली प्रक्रिया है यह भुगतान प्रक्रिया निर्देशों के अनुसार पूरी की जा सकती है।
2. भुगतान केवल डेबिट कार्ड (रुपे/वीसा/मास्टरकार्ड/मेस्ट्रो), क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस, कैश कार्ड/मोबाइल वॉलेट का उपयोग करके किया जा सकता है।
3. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में भुगतान जानकारी प्रस्तुत करने के बाद, कृपया सर्वर से सूचना प्राप्त करने की प्रतीक्षा करें। **दोहरे शुल्क के प्रभार से बचाव हेतु "बैक" या "रीफ्रैश" बटन न दबाएं।**
4. सफलतापूर्वक ट्रांजेकशन पूरी होने पर ई-रसीद जनरेट होगी।
5. 'ई-रसीद' जनरेट न होना इस बात को दर्शाता है। कि भुगतान रद्द हो गया है, भुगतान रद्द होने पर उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने अस्थाई पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करते हुए पुन: लॉग इन करें और भुगतान की प्रक्रिया को दोहराएं।
6. उम्मीदवारों के लिए यह आवश्यक है **कि वे ई-रसीद और ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लें । <u>कृपया नोट करें कि यदि यह जनरेट नहीं होता है, तो ऑनलाइन लेनदेन सफल नहीं हो पाया है</u>।**
7. **क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं के लिए** : सभी शुल्क भारतीय रुपये में सूचीबद्ध हैं। यदि आप गैर-भारतीय क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं, तो आपका बैंक प्रचलित विनिमय दरों के अनुसार उसे स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित कर देगा।
8. अपने डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कृपया अपना लेन-देन पूरा होने के बाद ब्राउज़र विंडो बंद कर दें।
9. **शुल्क के भुगतान के बाद शुल्क विवरण सहित आवेदन फॉर्म को प्रिंट लेने की सुविधा है।**

ग. **<u>फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हाथ से लिखित घोषणा की स्कैनिंग और अपलोड करने से संबंधित दिशानिर्देश</u>**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार को नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार अपनी तस्वीर, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हाथ से लिखित घोषणा की स्कैन (डिजिटल) फोटो की आवश्यकता होगी।

फोटोग्राफ की छवि :

- फोटोग्राफ वर्तमान पासपोर्ट आकार का रंगीन चित्र <u>4.5cm × 3.5cm आकार का</u> होना चाहिए।
- तस्वीर रंगीन होनी चाहिए है, प्रमुखत: पृष्ठभूमि सफेद या हल्के रंग की हो।
- सीधे कैमरे की ओर देखें और चेहरे को सामान्य रखें |
- अगर तस्वीर धूप के दिन ली गई है, तो सूरज आपकी पिछली तरफ हो, या स्वयं को छाँव में रखें, ताकि आपकी आँखें झपके नहीं और कोई गहरी छाया न हो
- यदि आपको फ्लैश का उपयोग करना है, तो सुनिश्चित करें कि कोई "रेड-आई" नहीं है

- यदि आप चश्मा पहनते हैं तो सुनिश्चित करें कि कोई प्रतिबिंब न हो और आपकी आंखें स्पष्ट दिखे
- टोपी और काला चश्मा वाली फोटो स्वीकार्य नहीं है। धार्मिक हेडवियर की अनुमति है लेकिन उससे आपका चेहरा नहीं ढकना चाहिए।
- आयाम 200 x 230 पिक्सेल (वरीयता)
- फ़ाइल का प्रकार jpg / jpeg में होना चाहिए
- फ़ाइल का आकार 20kb-50 kb के बीच होना चाहिए
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई फोटो का आकार 50kb से अधिक न हो। यदि फ़ाइल का आकार 50 kb से अधिक है, तो स्कैनर की सेटिंग्स को समायोजित करें जैसे कि DPI रिज़ॉल्यूशन, रंग आदि, स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान पूरा करें।
- यदि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड नहीं किया जाता है, तो परीक्षा के लिए प्रवेश रद्द/अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इसके लिए उम्मीदवार स्वयं जिम्मेदार होंगे।
- उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किया जाने वाला फोटो आवश्यक आकार का हो और चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा की छवि :

- आवेदक को सफ़ेद कागज पर काले स्याही की कलम से हस्ताक्षर करने होंगे।
- आवेदक को अपने बाएं अंगूठे का निशान सफेद कागज पर काली या नीली स्याही से लगाना है। (यदि उम्मीदवार के पास बायां अंगूठा नहीं है, तो वह अपने दाहिने अंगूठे का उपयोग कर सकता है। यदि दोनों अंगूठे नहीं हैं, तो बाएं हाथ की तर्जनी से शुरू होने वाली एक उंगली का निशान लिया जाना चाहिए। यदि वह भी नहीं हैं तो, बाएं हाथ की उंगलियों में से एक दाहिने हाथ की तर्जनी से शुरू होने वाली उंगली का निशान लिया जाना चाहिए। यदि कोई उंगलियां उपलब्ध नहीं हैं, तो बाएं पैर की उंगली का निशान लिया जा सकता है। ऐसे सभी मामलों में जहां बाएं अंगूठे का निशान अपलोड किया गया है, उम्मीदवार को अपलोड किए गए दस्तावेज़ में उंगली का नाम और बाएं/दाएं हाथ या पैर की अंगुली का विवरण निर्दिष्ट करना चाहिए)।
- आवेदक को काले या नीली स्याही (विषय नीचे दिया गया है) के साथ एक सफेद कागज पर स्पष्ट रूप से अंग्रेजी में घोषणा लिखनी है। (हस्तलिखित घोषणा उम्मीदवार के हाथ से और केवल अंग्रेजी में होनी चाहिए। यदि यह किसी और द्वारा लिखी गई है और अपलोड की गई है या किसी अन्य भाषा में है, तो आवेदन को अमान्य माना जाएगा। (जो उम्मीदवारों नहीं लिख सकते हैं), घोषणा के पाठ को टंकित करवा सकते हैं और टंकित घोषणा के नीचे अपने बाएं हाथ के अंगूठे का निशान (यदि हस्ताक्षर करने में सक्षम नहीं हैं) डाल सकते हैं और विनिर्देशों के अनुसार दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं।)
- हस्तलिखित घोषणा का पाठ इस प्रकार है-

"मैं, _______________________ (उम्मीदवार का नाम), एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में प्रस्तुत सभी जानकारी सही, सत्य और मान्य है। जब भी आवश्यकता होगी मैं सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करूंगा।"

- **हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा आवेदक का होना चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा।**
- बड़े अक्षरों में हस्ताक्षर/हस्तलिखित घोषणा स्वीकार नहीं की जाएगी।
- बाएं अंगूठे का निशान विधिवत स्कैन किया गया हो और धुंधला नहीं होना चाहिए
- हस्ताक्षर का उपयोग बुलावा पत्र और जहां कहीं आवश्यक हो, लगाने के लिए किया जाएगा।

- परीक्षा के समय हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक या बुलावा पत्र पर आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल खाने चाहिए। बेमेल के मामले में, आवेदक को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
- फ़ाइल jpg / jpeg में होनी चाहिए

दस्तावेज़	आकार	आयाम	फाइल का आकार
हस्ताक्षर	3 सेमी x 3 सेमी (चौड़ाई * ऊंचाई)	140 x 60 पिक्सेल	10 kb से 20 kb तक
बाएं हाथ के अंगूठे का निशान		200 dpi. में 240 x 240 पिक्सेल	20 kb से 50 kb तक
हस्तलिखित घोषणा	10 सेमी x 5 सेमी (चौड़ाई * ऊंचाई)	200 dpi. में 800 x 400 पिक्सेल	50 kb से 100 kb तक

दस्तावेजों की स्कैनिंग:

- स्कैनर रिज़ॉल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) पर सेट करें
- रंग को ट्रू कलर में सेट करें
- ऊपर बताए अनुसार फ़ाइल का आकार तैयार करें
- **बाएँ हाथ की छाप और हस्तलिखित घोषणा के किनारे तक इमेज को स्कैनर में क्रॉप करें** फिर अपलोड एडिटर का प्रयोग करते हुए फोटो को अंतिम आकार में क्रॉप करें (जैसा कि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है)।
- फोटो फ़ाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में होनी चाहिए। एक उदाहरण के लिए फ़ाइल नाम है: फोटो 01.jpg या फोटो 01.jpeg
- छवि का आकार फ़ोल्डर फ़ाइलों को सूचीबद्ध करके या माउस को फ़ाइल इमेज आइकन पर ले जाकर जांचा जा सकता है |
- उम्मीदवार जो MS Windows/MSOffice का उपयोग कर रहे हैं वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर को MS Paint या MSOffice Picture Manager से प्राप्त कर सकते हैं। फ़ाइल मेनू में 'इस रूप में सहेजें' विकल्प का उपयोग करके किसी भी प्रारूप में स्कैन किए गए दस्तावेज़ों को .jpg /jpeg प्रारूप में सहेजा जा सकता है और आकार को क्रॉप और फिर आकार बदलने के विकल्प का उपयोग करके समायोजित किया जा सकता है।
- **यदि फ़ाइल का आकार और फॉर्मेट निर्धारित निर्देश के अनुसार नहीं है, तो एरर का संदेश प्रदर्शित होगा।**
- **ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय उम्मीदवार को उसकी तस्वीर, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हाथ से लिखित घोषणा को अपलोड करने के लिए एक लिंक प्रदान किया जाएगा।**

दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:

- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय उम्मीदवार को फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के लिए अलग-अलग लिंक प्रदान किए जाएंगे।
- संबंधित लिंक पर क्लिक करें "फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का निशान / हाथ से लिखित घोषणा अपलोड करें"
- ब्राउज़ करें और उस स्थान का चयन करें जहां स्कैन की गई तस्वीर/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा फ़ाइल सहेजी गई है।
- फ़ाइल पर क्लिक करके उसे चुनें
- **'ओपन/अपलोड'** बटन पर क्लिक करें

- आपका ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि आप अपनी तस्वीर, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा को निर्दिष्ट नहीं करते हैं।
- यदि फ़ाइल का आकार और प्रारूप निर्धारित के अनुसार नहीं है, तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा।
- अपलोड की गई छवि का पूर्वावलोकन छवि की गुणवत्ता को देखने में मदद करेगा। अस्पष्ट/धुंधला होने की स्थिति में, इसे अपेक्षित स्पष्टता/गुणवत्ता के लिए पुनः अपलोड किया जा सकता है।

ध्यान दें:

(1) **उम्मीदवार यह भी सुनिश्चित करें कि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड की गई है, हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर, बाएं हाथ के निशान के स्थान पर बाएं हाथ की छाप और हाथ से लिखित घोषणा के स्थान पर हाथ से लिखी गई घोषणा अपलोड की गई है। यदि संबंधित स्थान पर कोई भी दस्तावेज ठीक से अपलोड नहीं किया गया है, तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(2) **यदि तस्वीर में चेहरा या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा अस्पष्ट/धुंधली है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।**

(3) **उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में फोटो/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के बाद जाँचे कि चित्र स्पष्ट हैं और सही तरीके से अपलोड किए गए हैं या नहीं | यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रही है, तो उम्मीदवार फॉर्म जमा करने से पहले अपने आवेदन को पुन: जांच कर अपनी फोटो या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे के निशान या हस्तलिखित घोषणा को फिर से अपलोड कर सकता है।**

(4) **ऑनलाइन पंजीकरण के बाद उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने सिस्टम से जनरेट ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट प्राप्त कर लें।**

नोट: कृपया नोट करें ऑनलाइन आवेदन में वर्णित विवरण जिसमें उम्मीदवार का नाम, श्रेणी, जन्म तिथि, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, परीक्षा केंद्र आदि लिखा गया है जो अंतिम माना जाएगा और और एक बार ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने के बाद किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन फॉर्म को अत्यंत सावधानी से भरें क्योंकि इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा | कंपनी आवेदन में गलत और/या अपूर्ण विवरण प्रस्तुत करने या आवेदन पत्र में आवश्यक विवरण प्रदान करने में चूक के कारण उत्पन्न होने वाले किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

किसी भी संदर्भ में ऑनलाइन आवेदन यदि अधूरा रहता है जैसे कि ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अपलोड की गई अनुचित आकार की तस्वीर, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा/असफल शुल्क/सूचना शुल्क भुगतान मान्य नहीं होगा | उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे अंतिम तिथि से बहुत पहले ऑनलाइन आवेदन करें और शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें | क्योंकि इंटरनेट/वेबसाइट पर भारी लोड व जाम के कारण वेबसाइट पर लॉगिन विफलता/अनुपलब्धता की संभावना से बचा जा सके। उपरोक्त कारणों से या किसी अन्य कारण से अंतिम तिथि के भीतर उम्मीदवारों के अपने आवेदन जमा नहीं कर पाने के लिए कंपनी कोई जिम्मेदारी नहीं लेती है। कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त प्रक्रिया ही आवेदन करने की एकमात्र वैध प्रक्रिया है। आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपूर्ण आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

आवेदक द्वारा अपने आवेदन में प्रस्तुत की गई कोई भी जानकारी उम्मीदवार के लिए व्यक्तिगत रूप से बाध्य होगी और बाद में उसके द्वारा दी गई जानकारी/विवरण गलत पाया जाता है तो वह अभियोग/शासकीय परिणामों के लिए उम्मीदवार स्वयं उत्तरदायी होगा/होगी। .

कदाचार/अनुचित साधनों में दोषी पाये जाने वाले उम्मीदवारों के विरूद्ध कार्रवाई

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय कोई भी गलत, बदली या मनगढ़ंत विवरण प्रस्तुत न करें और किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को दबाने का प्रयास न करें। परीक्षा के समय, साक्षात्कार के समय या आगामी चयन प्रक्रिया के समय यदि कोई उम्मीदवार दोषी पाया जाता है (या है) -

(i) अनुचित साधनों का उपयोग करना या

(ii) किसी व्यक्ति द्वारा छद्मरूप या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा छद्मरूप धारण करना या

(iii) परीक्षा/साक्षात्कार हॉल में दुर्व्यवहार करने या परीक्षा (परीक्षाओं) की सामग्री को प्रकट करना, प्रकाशित करना, पुन: प्रस्तुत करना, प्रसारित करना, संग्रह करना या प्रसारण और संग्रह की सुविधा प्रदान करना या किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से उसमें किसी भी जानकारी को पूर्ण या आंशिक रूप से, मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यंत्रवत् किसी भी प्रयोजन के लिए या

(iv) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अनियमित या अनुचित साधन का सहारा लेना या

(v) अनुचित तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करना, या

(vi) परीक्षा/साक्षात्कार हॉल में मोबाइल फोन या संचार के इसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को ले जाने पर,

ऐसा उम्मीदवार आपराधिक अभियोजन के साथ साथ निम्नलिखित के लिए भी उत्तरदायी होगा :

(क) उस परीक्षा से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा जिसके लिए वह उम्मीदवार है

(ख) कंपनी द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा से या तो स्थायी रूप से या निर्दिष्ट अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा |

(ग) यदि कंपनी में कार्य ग्रहण कर चुका है तो उसे सेवाओं से निष्कासित कर दिया जाएगा |

किसी भी प्रकार की विसंगति के मामले में, हमारी वेबसाइट www.aicofindia.com में कैरियर अनुभाग में प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन का अंग्रेजी रूपांतर अंतिम माना जाएगा | उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन और भर्ती प्रक्रिया के आगामी अपडेट के विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट के कैरियर अनुभाग पर जाएं।

किसी भी प्रकार से की गई याचना को अयोग्य माना जाएगा |

उप महाप्रबंधक
नई दिल्ली

कार्मिक विभाग
दिनांक: 23.11.2021

नोट : किसी भी भ्रम की स्थिति में अंग्रेजी के विज्ञापन को वरीयता दी जाएगी |